
नव भारत

# 64 किसानों को मिलेंगे 96 लाख

## किसानों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : सीएम



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और मंडी बोर्ड की सक्रियता का परिणाम है कि कृषि उपज मंडी समिति चौरई की अपील पर उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 64 कृषकों को उनके द्वारा विक्रय की गई उपज की राशि 96 लाख 51 हजार 500 रुपये के भुगतान करने के आदेश प्रसारित हुए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसान के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.**

कृषि उपज मंडी समिति चौरई में पंजीकृत अनुज्ञसिधारी फर्म ज्ञाताश्री ट्रेडर्स, चौरई के द्वारा कृषकों से खरीदी गई अधिसूचित कृषि उपज का भुगतान नहीं करने पर मंडी समिति ने त्वरित कार्रवाई की. न्यायालय तहसीलदार, चौरई द्वारा फर्म से वसूली के लिए आरआरसी. जारी कर 96,51,500 रुपये की वसूली की गई और राशि मंडी समिति के खाते में जमा कराई गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सिविल कोर्ट/जिला कोर्ट से अनुमति नहीं मिलने पर मंडी समिति की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की गई. उच्च न्यायालय द्वारा 30 अप्रैल को किसान हित में निर्णय पारित कर भुगतान की स्वीकृति दी गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपज का एक-एक दाना कीमती है. मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता और समय पर भुगतान हमारी प्राथमिकता है.

उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी मंडी समितियां यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में किसानों के भुगतान में लापरवाही न हो. खरीदी गई कृषि उपज का भुगतान समय-सीमा में कराया जाए.

### ग्रीनको ग्रुप नवकरणीय ऊर्जा में करेगा निवेश

भोपाल, 6 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्रीनको ग्रुप के कार्यकारी निदेशक नरसिम्हा राव बंडारू तथा उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने समत्व भवन में भेंट कर प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की. ग्रीनको ग्रुप भारत की अग्रणी नवकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है. ग्रीनको ग्रुप प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा गतिविधियों के विस्तार का इच्छुक है. यह ग्रुप शिवपुरी जिले में सौर ऊर्जा संयंत्र और मंदसौर व रतलाम जिलों में पवन ऊर्जा संयंत्र के प्रोजेक्ट संचालित कर रहा है. नीमच जिले में गांधी सागर के पास 1920 मेगावाट क्षमता के भारत के सबसे बड़े पंप हाइड्रो स्टोरेज प्लांट का निर्माण भी 11 हजार करोड़ रुपए के निवेश से किया जा रहा है. इस परियोजना से लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा.

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करेंगे सीएम

**भोपाल, 6 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 मई को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह गौरवशाली यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत निकाली जा रही है. मप्र से पहली बार निकलने वाली इस विशेष यात्रा में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से 1,100 श्रद्धालुओं का दल शामिल होगा. यह रेलगाड़ी भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशनों से भी तीर्थयात्रियों को अपने साथ लेकर सोमनाथ की ओर प्रस्थान करेगी. यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ की पावन धरा पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दर्शन और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे.

# खंभे से टकराई कार 2 जिंदा जले

**ग्वालियर,06 मई. डबरा में दर्दनाक हादसा हो गया. जहां खंभे से एक कार टकराने की वजह से 2 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दुर्घटना कार में रखे पटाखों की वजह से हुई है.**

मामला डबरा सिटी थाना क्षेत्र का है। अवधेश विश्वकर्मा, रामजी सोनी और चंदप्रकाश सोनी अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए गए थे। ग्वालियर से बमौर कला शिवपुरी लौटते समय देर रात 2 बजे उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई. कार 130 की स्पीड में थी, तेज रफ्तार होने की वजह से उनकी कार एनएच 44 अरूं तिराहे के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई. हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद कार में चिंगारी उठी और आग लग गई. कार में पटाखे भी रखे हुए थे जिसे आग लगने की बड़ी वजह माना जा रहा है. हादसे में कार सवार अवधेश विश्वकर्मा ओर रामजी सोनी की जिंदा जलकर मौत हो गई. वहीं चंदप्रकाश सोनी गंभीर घायल हैं.



## चलती गाड़ी बनी आग का गोला ड्रायवर की छलांग ने टाली मौत

**रतलाम,06 मई.** रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया, जब चलती लोडिंग गाड़ी में अचानक आग लग गई. वाहन में शादी समारोह का टेंट सामान भरा हुआ था, जो देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगा. ड्रायवर की सतर्कता के चलते वह समय रहते कूदकर बाहर निकल गया और उसकी जान बच गई. जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 4 बजे की है. लोडिंग वाहन रतलाम से गांव धराड़ की ओर टेंट सामग्री लेकर जा रहा था. रतलाम सीमा पार करते ही महू-नीमच फोरलेन किनारे स्थित चौपाल सागर के पास अचानक वाहन से धुआं उठने लगा. स्थिति को भांपते हुए ड्रायवर ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोका और बिना देर किए कूदकर अपनी जान बचाई. ड्रायवर के उतरते ही कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया. लोडिंग में रखा पूरा टेंट सामान जलकर खाक हो गया और आग ने वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही सालाखेड़ी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस दौरान करीब आधे से पौन घंटे तक फोरलेन पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों को रोकना पड़ा. सालाखेड़ी चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र यादव ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लोडिंग वाहन और टेंट सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई.

### एक नजर में



**15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ धराया बाबू**

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी तहसील कार्यालय में बुधवार को लोकायुक्त रीवा ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम कार्यालय में पदस्थ एक बाबू को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आदेश की कॉपी के बदले मांगे थे पैसे शिकायतकर्ता सुरेश कुमार जायसवाल ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामले में आदेश की कॉपी देने के लिए क्लर्क वीर सिंह जाटव ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में 15 हजार रुपये पर सौदा तय हुआ।

**जनगणना में ढिलाई नहीं चलेगी : कलेक्टर**

**नामली।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के तहत जिले में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान को समयसीमा में पूरा करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है. इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी मिशा सिंह ने नामली क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने मौके पर प्रगणकों, सुपरवाइजर्स और फील्ड ट्रेनर्स से चर्चा कर कार्य की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# बोनस अंक के मामले में फैसला सुरक्षित

- प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 का मामला
- 13089 प्राथमिक शिक्षक के पदों पर हुई है भर्ती परीक्षा

**जबलपुर, 06 मई. मप्र हाईकोर्ट ने प्रड्डाथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से बोनस अंक दिए जाने के आरोप के मामले को सख्ती से लिया.**

जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने बुधवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है.दरअसल यह मामले नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों की ओर से दायर किये गये थे. जिसमें कहा गया कि प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को 5 फीसदी बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है. चयन सूची में लगभग 14,964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं. भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए न्यायालय को बताया गया कि पूरे प्रदेश में आरसीआई के पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं. ऐसे में लगभग 15,000 उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है. तर्क दिया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18,000 उम्मीदवारों ने हां का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है । इसके बावजूद, सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई की पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया ।इसके चलते बड़ी संख्या में फर्जी बोनस वाले अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट में आ गए। याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी दोषपूर्ण मेरिट लिस्ट को रद्द करने की मांग की गई. केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्र धारकों को ही बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया.

# इमलीपुरा स्लॉटर हाउस बाहर करे सरकार

## सांसद और विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा पत्र

**खंडवा, 06 मई. शहर के घनी आबादी वाले इमलीपुरा क्षेत्र में संचालित स्लॉटर हाउस को हटाने की मांग अब शासन के उच्च स्तर तक पहुँच गई है.**

स्थानीय नागरिकों के बढ़ते आक्रोश और जनहित को देखते हुए खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और क्षेत्रीय विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को औपचारिक पत्र सौंपकर इसे तत्काल शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने का आग्रह किया है.मुख्यमंत्री के हालिया बुरहानपुर प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों ने उनसे भेंट की और वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान स्थान पर वधशाला के संचालन से क्षेत्र में कई गंभीर संकट उत्पन्न हो रहे हैं. विधायक कंचन तनवे द्वारा सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि पशु अवशेषों के अनुचित निपटान



और उससे फैलने वाली दुर्गंध के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है.साथ ही स्लॉटर हाउस से निकलने वाले दूषित पानी और गंदगी से स्थानीय भूजल स्तर और वायुमंडल प्रदूषित हो रहा है.रिहायशी क्षेत्र और विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों के पास इस तरह की गतिविधियों के संचालन से बच्चों और आम नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है.इसके अतिरिक्त संकरी गलियों में पशुओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है जिससे स्थानीय यातायात पूरी तरह बाधित होता है ।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों इमलीपुरा स्थित स्लॉटर हाउस पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद से यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है.

# 7 वर्ष की बच्ची से गैंगरेप के बाद गला दबाकर मार डाला

**नवभारत न्यूज़**

**खरगोन। जिले के ऊन थाना क्षेत्र में मानवता को कलंकित करने वाली दरिंदगी की घटना सामने आई है। यहां 7 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ गैंग रेप के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है।**

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने बच्ची का मुंह दबाकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया और तब तक मुंह दबा कर रखा जब तक बच्ची की मौत नहीं हो गई। इसके बाद आरोपी बच्ची का शव भूसे में छिपाकर फरार हो गए। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।एएसपी शकुंतला रुहल ने बताया कि डायल 112 पर बच्ची का शव मिलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करने पर मामला संदिग्ध नजर आने पर ऊन पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। वरिष्ठ अधिकारियों सहित फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर रेप, मर्डर, पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल दो आरोपियों को पकड़ लिया है। पूछताछ में उन्होंने अपराध करना कबूल किया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर फिलहाल यह कहा जा सकता है कि गैंगरेप की वारदात हुई है।



# कांग्रेस नेता भानु राजा चौहान भाजपा में शामिल

**दतिया कांग्रेस को लगा बढ़ा झटका**

**विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया।**

**दतिया, 06 मई. दतिया में भारतीय जनता पार्टी को उस वक्त एक बढ़ी सफलता मिली जब पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की उपस्थिति में कांग्रेस के कई युवा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की**

भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने नए कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सभी युवाओं को माला पहनाकर और पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

# घूरकर देखने पर गोली मारकर युवक की हत्या

**ग्वालियर, 06 मई. घूरकर देखने के विवाद में दो पड़ोसियों में झगड़ा हो गया. एक पक्ष ने रायफल से करीब 20 राउंड फायर किए, जिसमें एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दो बेटे घायल हैं. घटना आधी रात बाद मुरार थाना क्षेत्र के बड़ा गांव खुरैरी में हुई.**

इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है. हमलावर फरार हैं. मृतक की पहचान रमेश उर्फ पप्पू कुशवाह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से भिंड का रहने वाला था. फायरिंग में घायल रमेश के बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रात में रमेश बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी आरोपी पक्ष के घर के सामने घूरकर देखने की बात पर कहासुनी हो गई. देखते ही देखते दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। इसी बीच आरोपी अनार सिंह, सुखवीर, रामू और राजपाल ने रायफल निकाल ली और छत पर चढ़कर फायरिंग शुरू कर दी।

गोली चलते ही रमेश घर की तरफ भागा, लेकिन दरवाजे पर ही उसे गोली लग गई, उसने मौके पर ही दम तो? दिया। बीच-बचाव करने आए पप्पू की पत्नी पुष्पा और उनके दो बेटे भी घायल हुए हैं। उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है.

**घोषणा** पीएम मोदी के मार्गदर्शन में कुरीतियों से दूर रहकर युवा की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे

# विधायक प्रीतम मोदी लोधी जोड़ो यात्रा निकालेंगे

**ग्वालियर, 06 मई . भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने मंगलवार को फिर एक नया नारा देकर अपने आपको सुर्खियों में ला दिया है। विधायक प्रीतम लोधी ने देशभर में लोधी समाज को भाजपा से जोड़ने के लिये मोदी लोधी जोड़ो यात्रा का ऐलान किया हैं. उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की नीतियों से लोधी समाज को जोड़ने के लिये मोदी लोधी जोड़ो यात्रा निकालेंगे। इसके लिए वे अपनी पार्टी से औपचारिक अनुमति भी प्राप्त करेंगे.**



विधायक लोधी ने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। ऐसे समय में लोधी समाज के युवाओं को भी इस राष्ट्रीय धारा से जुड़कर अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगानी चाहिए।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि समाज का एक वर्ग नशे जैसी कुरीतियों के जाल में फंसकर अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहा है, जिससे न केवल उनका व्यक्तिगत विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि लोधी समाज के युवा प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इन कुरीतियों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे, तो समाज का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और देश की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान भी बढ़ेगा। विधायक ने यह भी स्वीकार किया कि वे स्वयं कभी इन नकारात्मक प्रवृत्तियों के प्रभाव में आ चुके हैं, लेकिन अब वे संकल्पित हैं कि समाज के युवाओं को इस कुचक्र से बाहर निकालने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि यदि पार्टी से अनुमति मिलती है, तो वे इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक लोधी परिवार तक पहुंचकर जागरूकता का संदेश देंगे.

### 3.97 किलो मादक पदार्थ जब्त, आरोपी फरार

**सीधी,06 मई.** अवैध गांजा की खेती पर अमिलिया पुलिस ने सख्त कार्यवाही करते हुए 3.97 किलो मादक पदार्थ जब्त किया। आरोपी के फरार होने पर पुलिस गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थलों में दबिश कार्रवाई कर रही है. पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना अमिलिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए गांजा की अवैध खेती का भंडाफोड़ किया गया। सीधी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है.

# आरक्षक ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

## फेसबुक पर हुई दोस्ती, वर्षों तक संबंध के बाद शादी से मुकरा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में जीआरपी थाने में पदस्थ एक आरक्षक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धमकी देने का मामला दर्ज किया है.**

महाराष्ट्र निवासी 35 वर्षीय पीड़िता, जो वर्तमान में भोपाल में रह रही है, की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सचिन चंद्रवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पीड़िता की आरोपी से वर्ष 2018 में इंदौर में पढ़ाई के दौरान फेसबुक के जरिए पहचान हुई थी. इसके बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और मुलाकातें शुरू हो गई. महिला का आरोप है कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसे भरोसे में लिया और 8 नवंबर 2018 को कनाड़िया स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद भी कई बार मुलाकातें हुईं, लेकिन आरोपी हर बार शादी की बात टालता रहा.

> पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बाद में दोनों परिवारों की सहमति भी बन गई थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ने शादी नहीं की. वर्ष 2021 में मां और 2023 में पिता के निधन के बाद आरोपी ने उससे दूरी बना ली और अंततः शादी से साफ इंकार कर दिया. इसी दौरान महिला को पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती के साथ लिव इन में रह रहा है और फरवरी 2026 में उसने कहीं और सगाई भी कर ली है.

आरोप है कि 13 फरवरी को भोपाल में मुलाकात के दौरान आरोपी ने शादी से इंकार करते हुए महिला के फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी. इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी देकर भोपाल में शिकायत दर्ज कराई. जांच के बाद मामला इंदौर के कनाड़िया थाने भेजा गया, जहां दुष्कर्म और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है.